# निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** सैनी हॉस्पिटल बांदीकुई के तत्वावधान में लव-कुश क्लिनिक बडियाल स्टैंड पर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मरीजों की बीपी, शुगर की जांच कर डॉ. रविकुमार वैष्णव सामान्य रोग विशेषज्ञ ने 100 से अधिक मरीजों का परामर्श कर निःशुल्क दवाइयां दी। सैनी हॉस्पिटल पीआरओ



सन्नी कटारिया ने बताया कि सैनी हॉस्पिटल द्वारा अब से पहले भी कई अन्य पंचायतों में भी निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया जा चुका है और आगे भी निरतंर अलग-अलग पंचायतों में किए जाएंगे। हॉस्पिटल में प्रतिदिन आने वाले मरीजों को जांचों व दवाइयों में विशेष छूट के साथ सेवाएं दी जाती है।

# खंडेलवाल कर्मचारी क्लब ने लगाया चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** खण्डेलवाल कर्मचारी क्लब के द्वारा रविवार प्रातः 7 बजे से 8 बजे जलदाय विभाग परिसर में निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निःशुल्क बीपी, शुगर, ऑक्सीजन लेवल व वेट जांच की गई। शिविर में सभी क्लब सदस्यों और क्षेत्रवासियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान शिविर में 86 लोगों की जांच की गई। शिविर प्रभारी डॉ. एलएस गुप्ता एवं देवेंद्र गुप्ता नर्सिंग प्रभारी द्वारा जांच कर चिकित्साकीय



सलाह दी गई। क्लब अध्यक्ष ने बताया कि क्लब द्वारा इस प्रकार के नवाचार की शुरुआत की गई है, जिसे प्रतिमाह निरंतर रखा जाएगा, साथ ही क्लब के द्वारा हमेशा ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे। इस अवसर पर खंडेलवाल कर्मचारी क्लब के संरक्षक प्रभु दयाल गुप्ता, वैध महेश गुप्ता, अध्यक्ष रामावतार पाटोदिया, उपाध्यक्ष राधाशर्ण ताम्बी, मंत्री रामगोपाल सैक्रेट्री, कोषाध्यक्ष नरेश सेठी, मीडिया प्रभारी कृष्णा अवतार गोलिया, बाबूलाल झालानी, अशोक डंगायच, गोपाल खंडेलवाल, मनीष मोदी, रघु अटोलिया, कमलेश धामानी, बाबूलाल झालानी, पवन ताम्बी, रमेश पाटोदिया, राजेंद्र काठ व अन्य आदि उपस्थित रहे।

# आईएमए बांदीकुई ने जताया विरोध, डॉक्टर रहे हड़ताल पर

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** बाड़मेर की सेडवा सीएचसी पर अधिकारी द्वारा डॉ. के साथ हुए दुर्व्यवहार का बांदीकुई आईएएम ने विरोध जताया है। आईएमए बांदीकुई अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार कट्टा ने बताया कि बाड़मेर जिले की सेडवा सीएचसी पर कार्यरत डॉक्टर के साथ अधिकारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में दो घंटे का कार्य बहिस्कार किमा गया। सुबह 9 बजे से 11 बजे एक सभी सरकारी व गैरसरकारी चिकित्सकों ने कार्य का बहिष्कार किया, इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कबड्डी प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं ने दिखाया दमखम

**मॉर्निंग न्यूज @ चाकसू।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आजमनगर में प्रधानाचार्य मिथलेश सिंह के निर्देशन में कबड्डी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक व बालिकाओं ने अपने अपने वर्ग में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शन किया। आचार्य गोपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की कबड्डी प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया, जिनमें बालक वर्ग में नेवी ब्लू टीम व बालिका वर्ग में यलो टीम ने कड़े संघर्ष में विजय प्राप्त की। भामाशाह राजेश चौधरी करेड़ा खुर्द ने खिलाड़ियों को की शर्ट, शील्ड व विजयी 13 उप-विजेता टीमों को सील्ड प्रदान की गई। प्रधानाचार्य मिथलेश सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को पारितोषिक व सील्ड प्रदान की।

# विकास के हर संभव प्रयास होंगे : टांकड़ा

## 743 लाख रुपए की लागत की सड़कों का शिलान्यास

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई**

क्षेत्रीय विधायक भागचंद सैनी टांकड़ा ने रविवार को 743.02 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया। सड़कों के बनने आवागमन सुलभ हो सकेगा।

विधायक ने प्रातः धोली गुमटी फाटक पर धोली गुमटी फाटक से पंचमुखी तक 76.86, सबडावली रोड से सेवरा की ढाणी तक 66, गुल्लाना रोड केसरी सिंहपुरा 46.80, बसवा बाईपास से चांद बावड़ी वाया नया बास बागड़ी तक 45.54, केसरी सिंहपुरा तिराहे से गिरधर मंदिर तक 45 लाख, आंनद पुरा रोड से केसरीसिंहपरा तक 36, सकट से ढाणी माली 23.40, झाझीरामपुरा ग्राम से झाझीरामपुरा कुंड तक 22.50,



काटरवाडा से महलूणी 27 लाख, प्रातः 11 बजे झाझीरामपुरा में एलआर बसवा से झाझीरामपुरा 35.40, सबडावली रोड से सेवरा की ढाणी 35, एनएच 78 से बडियाल खुर्द 35, संपर्क सड़क केसरीसिंहपुरा 15.35, संपर्क सड़क सकट से ढाणी माली की 15.20 लाख रुपए की सड़क का शिलान्यास किया।

इसी प्रकार दोपहर 12 बजे राजपुर तिराहा पर राजपुर तिराहा एसएच 25 से बसवा अंडरपास तक, आमेरी गेट से धूप तलाई होते हुए मुख्य सड़क अंडर पास तक 20 लाख, दोपहर 1 बजे राणा पाडा में राणा पाडा से मानपुर 27 लाख, मीणापाड़ा से मानपुर 27, देलाड़ी से मीतरवाड़ी तक 71.17, दोपहर 1-45 बजे गोलाडा में गोलाडा मोड एसएच 78 से सीमला तक 52.20 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया।

इस दौरान भाजपा पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास में धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। हर घर में नलो में पानी पहुंचेगा। साथ ही चिकित्सा, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्र में भी विकास के आयाम स्थापित किए जाएंगे।

# विधायक ललित यादव ने विभिन्न विकास कार्यों का किया उद्घाटन



**मॉर्निंग न्यूज @ मुंडावर।** ग्राम पंचायत राजवाड़ा के गांव माजरी भांडा में मुंडावर विधायक ललित यादव द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन कार्य रविवार को किए। इस दौरान लादूराम (रामकुवार) की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र ओमप्रकाश द्वारा लगाए गए वाटर कूलर का विधायक यादव ने उद्घाटन किया एवं ओमप्रकाश को ग्राम चौपाल पर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक यादव ने कहा कि विकास कार्य में खर्च हुआ पैसा हम सब की जेब का ही पैसा है, इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि सभी कार्यों की देख-रेख करें, जिससे की लंबे समय तक काम आ सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रजनी मामचंद चौधरी ने की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद भीमराज यादव रहे। कार्यक्रम में झम्मन लाल चौधरी, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, ब्लॉक महासचिव चीनू चौधरी,ब लॉक महामंत्री धाकड़ यादव, सुमेर सिंह, राजेंद्र, रोहिताश्व, ब्रह्म प्रकाश, करणसिंह, समुद्र सिंह, सुबेसिंह, नरेश उपसरपंच एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# विजेता खिलाड़ियों को मेडल व इनामी राशि से किया सम्मानित

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री और अलवर सांसद भूपेंद्र यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'फिट इंडिया' के तहत अलवर लोकसभा क्षेत्रा में आयोजित 'अलवर सांसद खेल उत्सव' के अंतर्गत शनिवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, दौड़, बॉलीबॉल, लॉन्ग जम्प, शॉटपुट और बास्केटबॉल में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री यादव ने खेलों का शुभारम्भ कराकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने पूरे दिन एक-एक प्रतियोगिता को पूरे मनोयोग और उत्साह के साथ देखा। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व इनामी राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले आयोजित हुए, जिनमें रस्साकस्सी खेल में बालक वर्ग श्रेणी में प्रथम स्थान पर मुंडावर टीम, द्वितीय स्थान पर रामगढ़ टीम व तृतीय स्थान पर तिजारा टीम, बालक वर्ग श्रेणी में प्रथम स्थान पर मुंडावर टीम, द्वितीय स्थान पर अलवर ग्रामीण टीम व तृतीय स्थान पर रामगढ़ टीम, बालिका वर्ग श्रेणी में प्रथम स्थान पर किशनगढ़ बास टीम, द्वितीय स्थान पर रामगढ़ टीम व तृतीय स्थान पर राजगढ़ टीम एवं बालिका वर्ग श्रेणी में प्रथम स्थान पर मुंडावर टीम, द्वितीय स्थान पर रामगढ़ टीम व तृतीय स्थान पर राजगढ़ टीम रही।

# टैलेंट सर्च एग्जाम में उमड़ा परीक्षार्थियों का हुजूम

**मॉर्निंग न्यूज @ खैरथल।** इंजीनियर्स पॉइंट खैरथल द्वारा रविवार को टैलेंट सर्च कम स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के 2268 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा में छात्रों की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह आयोजन एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गया।

इंजीनियर्स पॉइंट के निदेशक आजाद चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य करती हैं। उन्होंने परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्रों, उनके अभिभावकों तथा उन स्कूल निदेशकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने संसाधनों से विद्यार्थियों को इस



परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया।

यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जा रही है। पहला चरण आज संपन्न हुआ, जबकि द्वितीय चरण का आयोजन 13 अप्रैल 2025 को कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए किया जाएगा। आज हुई परीक्षा का परिणाम 17 फरवरी 2025 को शाम 5 बजे घोषित किया जाएगा, जिसे परीक्षार्थी इंजीनियर्स पॉइंट खैरथल के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर देख सकेंगे। एग्जाम कोऑर्डिनेटर आचार्य राजेश कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में खैरथल जिले के अलावा दौसा, जयपुर, सीकर, अलवर, भरतपुर सहित अन्य राज्यों से भी छात्र शामिल हुए। यह परीक्षा छात्रों के लिए न केवल एक बड़ा अवसर है, बल्कि स्कॉलरशिप के रूप में उन्हें नकद राशि प्राप्त करने का भी सुनहरा मौका प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि इंजीनियर्स पॉइंट खैरथल पूर्व में भी छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान करता आया है और भविष्य में भी ऐसे अवसर उपलब्ध कराता रहेगा। इस परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र बेहद उत्साहित और संतुष्ट नजर आए और उनके अभिभावकों ने इस प्रकार के आयोजन के लिए संस्थान को बधाई दी।

# यूआईटी नगरीय समस्त इलाकों को विधानसभा क्षेत्र में जोड़ने की मांग

**मॉर्निंग न्यूज @ अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अलवर नगर निगम के सीमांकन में यूआईटी नगरीय क्षेत्र और अलवर शहर विधानसभा के समस्त क्षेत्रों को जोड़ने के लिए नगरीय विकास विभाग के संयुक्त सचिव व जिला कलेक्टर, अलवर को आपत्ति दर्ज कराते हुए पत्र लिखा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में अलवर को नगर परिषद से नगर निगम में क्रमोन्नत करवाया था। इसलिए अलवर नगर निगम के सीमांकन में अलवर शहर विधानसभा, यूआईटी के मास्टर प्लान एवं यूआईटी की स्कीमों व प्रस्तावित स्कीमों (साकेत, एमआईए रोहिणी, अवार्ड घोषित) के अनुसार समस्त क्षेत्र को जोड़ा जाना चाहिए था। यूआईटी की कॉलोनियो में सफाई, सीवरेज आदि व्यवस्थाओं का कार्य निगम द्वारा ही किया जाता है।

पूर्व में यूआईटी की सूर्य नगर कॉलोनी नगर निगम में शामिल नहीं होने के कारण कॉलोनी वासियों को सफाई में सीवरेज संबंधित आदि परेशानियों आई थी, भविष्य में इस तरह की परेशानिया यूआईटी की प्रस्तावित कॉलोनी में नहीं आए। नगर निगम अलवर की सीमाओं को बढ़ाने से शहर का विकास होगा एवं नगर परिषद से नगर निगम बनाना सार्थक हो पाएगा। अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र में मतदान करने वाले भूगोर में तो 70-80 परसेंट लोगों को यूआईटी पट्टे भी जारी कर चुकी है। इसी प्रकार झोंपड़ी गांव जो बेलाका पंचायत में आता है। बेलाका के साथ साथ झोपड़ी को भी नगर निगम की सीमा में रखना चाहिए। अलवर के चहुंमुखी विकास के लिए निम्न तुलेड़ा, गाजीका, रायसीस, नंगला समावदी, धोली दूब, बल्लबोडा, रुंध निदानी, रुंध भाखेड़ा, भाखेड़ा, लिवारी, केसरपुर, भूगोर, ईटाराणा, वेरका, पालका, बेलाका, खुदनपुरी, मन्नाका, खानपुर जाट, नंगला चारण, गुजूकी, सालपूरी, भजीट, गूंदपुर, झारेड़ा सहित अन्य क्षेत्रों को शामिल किया जाना आवश्यक है।

# सीएम भजनलाल शर्मा आज जिले के दौरे पर

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को जिले के दौरे पर रहेंगे, वे जिले के मातृकुण्डिया में धार्मिक आयोजन में भाग लेने के साथ रावतभाटा क्षेत्र में स्थित दो बांधों का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा प्रातः 11.05 पर मातृकुण्डिया हेलीपेड पहुचेंगे, जहां से वे तेजाजी एंव मंगलेश्वर महादेव के दर्शन करने पहुंचेंगे, 11.25 पर दर्शन करेंगे, जहां से 11.30 पर सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचेगे, जहां पशुपतिनाथ महादेव नवनिर्मित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आयोजित सभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद बाद पुनः 12.30 बजे मातृकुण्डिया हेलीपेड से रवाना होकर 1.05 बजे राणा प्रताप सागर डेम स्थित हेलीपेड पहुंचेगे।

# ओरेकल टेलेंट हंट छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ राजगढ़/अलवर।** ओरेकल इंस्टीट्यूट की ओर से ओरेकल टेलेंट हंट छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन जेडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजित हुई।

इस परीक्षा का उद्देश्य मेधावी छात्रों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। परीक्षा में हजारो छात्रों ने भाग लिया। ओरेकल इंस्टीट्यूट के निदेशक ने बताया कि टॉप प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, शुल्क में छूट और विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि ओरेकल इंस्टीट्यूट जो 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को नीट और जेईई की तैयारी करवाने के साथ-साथ 6वीं से 10वीं कक्षा के लिए फाउंडेशन कोर्स प्रदान करता है। इंस्टीट्यूट के अपने विशेषज्ञ शिक्षकों और उत्कृष्ट पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## पृष्ठ एक का शेष...

### महाकुंभ में...

कर लिया। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बाहर निकाला। हरदोई में भी कोच का गेट न खोलने पर नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा कर दिया। ट्रेन में जमकर तोड़-फोड़ की।

### जयपुर में...

विकास प्राधिकरण (जेडीए) में नौकरी लगा सकता है। नितिन कुमार ने बताया कि श्रीनिवास कुमार चौबे उसे जेडीए में नौकरी लगाने का झांसा दिया। उसे बताया कि उसकी जेडीए में अच्छी जान पहचान है। बैक ऑफिस में ये लोग कुछ लोगों को ले रहे हैं। अगर 5 लाख लाख रुपए हैं। तुम्हारी नौकरी यहां लगा सकता हूं। इस पर नितिन ने 3 लाख का लोन और 2 लाख रुपए एलआईसी से निकाले। इसके बाद आरोपी पिछले एक साल से उसे झांसा दे रहा है। पैसा नहीं लौटा रहा था। आकाश सिंह और राहुल फौजदार की मुलाकात आरोपी से एक कैफे में हुई। यहां पर आरोपी ने खुद को आईबी में डीएसपी बताया। आरोपी उनसे बात करने लगा। कुछ दिनों तक लगाकर मुलाकात हुई। आरोपी ने उन्हें भी आईबी में नौकरी लगाने का झांसा देकर 5-5 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी ने न नौकरी लगाई, न ही पैसा वापस दिए।

**ठग के पास कैसे पहुंची पुलिस?**

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि क्षेत्र में लगातार धोखाधड़ी की शिकायत मिल रही थी। कुछ लोग सरकारी नौकरी, बैंक लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे हैं। इस पर एडिशनल डीसीपी ईस्ट आशाराम चौधरी के सुपरविजन में एसीपी मालवीय नगर ने इलाके में संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी श्रीनिवास कुमार चौबे को डिटेन किया और आज गिरफ्तारी दिखाई। पुलिस ने बताया आरोपी ने बीए किया था।

### वायु सेना...

भारतीय प्रधानमंत्री की फाइटर प्लेन में यह पहली उड़ान थी। तेजस में उड़ान भरने से पहले मोदी बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भी पहुंचे थे। तेजस को एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। वायुसेना में इसकी दो स्क्वॉड्रन शामिल हो चुकी हैं।

### अमेरिका में...

लगभग 2 हजार भारतीय हैं। रोज लगभग 1200 अवैध प्रवासियों की धरपकड़ हो रही है। अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नियोम ने बताया कि अवैध प्रवासियों का दूसरा ग्रुप ग्वांतानामो नेवल बेस भी रवाना किया गया है। रोजाना 1200 अवैध अप्रवासी पकड़े जा रहे हैं।

**पुलिस टास्क फोर्स भी अवैध प्रवासियों को पकड़ेगी :** ट्रम्प के बॉर्डर जार हॉम होमेन ने पुलिस कमिश्नरों को अवैध प्रवासियों की पहचान कर धरपकड़ के आदेश दिए हैं। इसके लिए पुलिस टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है। ये सड़कों से भी अरेस्ट कर सकेगी।

अमेरिका में अवैध प्रवासियों की धरपकड़ आईसीई ही करती है। ऐसा 25 साल बाद होगा जब लोकल पुलिस को भी जिम्मा सौंपा गया है। ट्रम्प प्रशासन की ओर से राज्यों की पुलिस को ट्रेनिंग भी दी जा रही है। ट्रम्प समर्थित रिपब्लिकन राज्यों में सबसे पहले ये ट्रेनिंग शुरू की गई है। ट्रम्प ने फेडरल आदेश दिए हैं, ऐसे में डेमोक्रेटिक राज्यों में भी ट्रेनिंग अनिवार्य होगी।

# नॉर्थ कोरियाई तानाशाह किम की अमेरिका-जापान को चेतावनी

## साउथ कोरिया से इनके सिक्योरिटी अलायंस को खतरा बताया

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को एक बार फिर चेतावनी दी है। नॉर्थ कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक एक कार्यक्रम में बोलते हुए किम ने इन तीनों देशों के सिक्योरिटी अलायंस को खतरा बताया है।

किम ने इस अलायंस की तुलना नाटो से की। किम ने चेतावनी देते हुए अपने परमाणु कार्यक्रमों को और मजबूत करने की बात कही है। शनिवार को कोरियन पीपुल्स आर्मी की 77वीं वर्षगांठ के मौके पर दिए भाषण में किम ने कहा कि अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया का सुरक्षा गठबंधन कोरिया प्रायद्वीप में सैन्य असंतुलन पैदा कर रहा है। ये हमारे राज्य की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है।

# प्रदेश में सर्द हवा से राहत 30 डिग्री पहुंचा पारा

**मॉर्निंग न्यूज** @ राजस्थान में अब दिन के साथ-साथ सुबह-शाम की सर्दी में कमी होनी शुरू हो गई। उत्तर से आ रही हवा के थमने और पश्चिमी हवा के चलने से तापमान में बढ़ोतरी होगी। राज्य के कई शहरों में दिन का तापमान 1 से लेकर 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। इससे कुछ शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

मौसम विशेषज्ञों ने राजस्थान में अगले 5 दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान आसमान साफ रहा और सभी शहरों में तेज धूप रही। दिन में फतेहपुर, नागौर, बीकानेर, बाड़मेर, उदयपुर, सीकर और अलवर में अधिकतम तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। सबसे गर्म दिन बाड़मेर में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर के अलावा चित्तौड़गढ़ में कल अधिकतम तापमान 30.2, जालोर में 30.3, जैसलमेर, जोधपुर में 29.3, बीकानेर में 28.8, नागौर में 28.7 और दौसा में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में कल दिन में लोगों को हल्की गर्मी महसूस हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र ने राजस्थान में अगले 5 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताते हुए अगले दो-तीन दिन में तापमान में और बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है।

# महाराणा प्रताप की मूर्ति की साफ सफाई की

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** फिट चित्तौड़ क्लब संरक्षक सांसद सीपी जोशी की पहल पर शहर में चलाए जा रहे महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई के अभियान के अंतर्गत रविवार को सदस्यों ने शहीद स्मारक पर साफ-सफाई की। मनोज पारीक ने बताया कि क्लब अध्यक्ष अनिल शिशोदिया के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा व्यायाम व योगा के बाद शहीद स्मारक स्थित प्रातः स्मरणीय, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति की साफसफाई की। इस अवसर पर शेखर शर्मा, लोकेश त्रिपाठी, प्रहलाद टेलर, शिव प्रकाश मंत्री, नंद किशोर लौहार, एडवोकेट शुभम सुखवाल, नीलेश बल्दवा, योगेश सारस्वत, लविश मुंदड़ा, हरीश गुरनानी, कुलदीप, श्रवण जाट, अर्जुन सिंह, हरदीप सिंह, आदि उपस्थित रहे।